पं.संख्या /**REG. NO. 900/JAIPUR/2013 -2014**

**विस्तृत विज्ञापन**

# पशुपालन प्रबंधन संस्थान (IAM)

(पशुपालन भवन, बंगला नं- 2, श्री रामपुरा कॉलोनी, सिविल लाइन्स,जयपुर-302006)

**विज्ञापनसं : ADVT No. 02/IAM/2025** **दिनांक 18-01-2025**

## APPLY ONLINE

### आवेदन करने के लिए क्लिक करें–

https://www.pashupalanprabandhan.com/onlinerequirment/

राज्य में पशुपालन क्षेत्र में संस्थान द्वारा पशुओं में **( संतुलित आहार एवं खनिज मिश्रण का महत्व कार्यक्रम )** का संचालन किया जाना हैं, कार्यक्रम के तहत उच्च गुणवत्ता पोषण संवर्धन मिनरल मिक्सर (खनिज मिश्रण पाउडर) उत्पाद के क्रय –विक्रय के साथ किसानो को नि:शुल्क दुर्घटना बीमा उपलब्ध करवाते हुए संस्थान की योजनाओं का प्रचार -प्रसार करने हेतु पंचायत, तहसील एवं जिले स्तर पर संस्थान द्वारा विभिन्न पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं।

| पोस्ट कोड | पद | पदों की संख्या | कार्यानुरूप मानदेय | आवश्यक योग्यताएँ |
|---|---|---|---|---|
| 301 | आहार नियंत्रण अधिकारी (Diet Control Officer) | 287 | 32,000 | न्यूनतम स्नातक उत्तीर्ण |
| 302 | आहार नियंत्रण सहायक (Diet Control Assistant) | 1435 | 25,500 | न्यूनतम 12 वीं उत्तीर्ण |

**1. आयु सीमा:-**

| पोस्ट कोड | पद | आयु |
|---|---|---|
| 301 | आहार नियंत्रण अधिकारी (Diet Control Officer) | 21-45 |
| 302 | आहार नियंत्रण सहायक (Diet Control Assistant) | 18-40 |

## 2. परीक्षा शुल्क:-

| पोस्ट कोड | पद | वर्ग | शुल्क |
|---|---|---|---|
| 301 | आहार नियंत्रण अधिकारी (Diet Control Officer) | सभी वर्गो के लिये | 850/- |
| 302 | आहार नियंत्रण सहायक (Diet Control Assistant) | सभी वर्गो के लिये | 750/- |

*** आवेदन शुल्क अप्रतिदेय होगा।***

## 3. आवेदन करने की अंतिम तिथि :-

| क्रमांक | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ की तिथि | 18 जनवरी 2025 (शनिवार) |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 15 फरवरी 2025 ( शनिवार ), सायं 5.30 बजे तक |
| 3 | ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की समय सीमा | 15 फरवरी 2025 ( शनिवार), सायं 5.30 बजे तक |

## 4. आहार नियंत्रण अधिकारी, आहार नियंत्रण सहायक की जिम्मेदारियाँ, लाभ एवं लक्ष्य :-

### 1) आहार नियंत्रण अधिकारी:-

❖ **जिम्मेदारियाँ**

- संतुलित आहार और खनिज मिश्रण की आवश्यकता का आकलन करना।
- पंचायत, तहसील, और जिला स्तर पर किसानों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना।
- किसानों को संतुलित आहार और खनिज मिश्रण के लाभ समझाना।

❖ **लक्ष्य**

- आहार नियंत्रण अधिकारी द्वारा न्यूनतम 600 “मिनरल मिक्सर खनिज मिश्रण पाउडर” पैकेट का (एक पैकेट 5 kg) प्रतिमाह क्रय-विक्रय करना अनिवार्य।
- किसानों को दुर्घटना बीमा और संस्थान की योजनाओं का लाभ दिलाना।
- आहार नियंत्रण अधिकारी द्वारा सम्पूर्ण  लक्ष्य को पूरा किया जाना अनिवार्य हैं।

❖ **लाभ**

- संस्थान द्वारा दिये गए लक्ष्य के अनुसार आय मासिक कार्यानुरूप मानदेय 32,000 देय होगा एवं प्रतिवर्ष वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी।

❖ **अधिकार**

- संस्थान के नियमानुसार आहार नियंत्रण अधिकारी के अधीन अधिकतम 5 आहार नियंत्रण सहायक कार्य करेंगे।
- किसी कारणवश आहार नियंत्रण अधिकारी के क्षेत्र में निर्धारित आहार नियंत्रण सहायक नहीं होने या कम होने की स्थिति में संस्थान की ओर से लिखित अनुमति मिलने पर आहार नियंत्रण अधिकारी अपने क्षेत्र में आहार नियंत्रण सहायक की नियुक्ति कर सकेंगे।

## 2) आहार नियंत्रण सहायक:-

❖ **जिम्मेदारियाँ**

- आहार नियंत्रण अधिकारी को पोषण योजना और कार्यक्रमों के संचालन में सहयोग प्रदान करना।
- पंचायत और तहसील स्तर पर किसानों से संपर्क करना।
- खनिज मिश्रण और संतुलित आहार के उपयोग पर किसानों को प्रशिक्षित करना।

❖ **लक्ष्य**

- आहार नियंत्रण सहायक न्यूनतम 120 “मिनरल मिक्सर खनिज मिश्रण पाउडर” पैकेट का (एक पैकेट 5 kg) प्रतिमाह क्रय-विक्रय करना अनिवार्य।
- किसानों को पशु पोषण के लाभों के बारे में शिक्षित करना।
- खनिज मिश्रण उत्पादों की पहुँच और उपयोगिता को बढ़ाना।
- आहार नियंत्रण सहायक द्वारा सम्पूर्ण लक्ष्य को पूरा किया जाना अनिवार्य हैं।

❖ **लाभ**

- संस्थान द्वारा दिये गए लक्ष्य के अनुसार आय मासिक कार्यानुरूप मानदेय 25,500 देय होगा एवं प्रतिवर्ष वेतन में 10% बढ़ोतरी की जाएगी।

**नोट :**संस्थान द्वारा दिए गए मासिक कार्यदायित्वों को पूरा नहीं करने की स्थिति में मासिक वेतन में से आनुपातिक कटौती की जाएगी। (पोस्ट कोड 301-302 के लिए लागू)

# 5. संस्थान के उत्पाद विवरण:-

IAM भरोसा मिनरल मिक्सचर एक्स्ट्रा पावर, एक उच्च गुणवत्ता वाला पोषण संवर्धन जो पशुओं की स्वास्थ्य और सक्रियता को बढ़ाने के लिए विशेष रूप से उपयोग किया जाता हैं। यह खनिज मिश्रण पाउडर खासकर गर्भवती गायों के लिए बनाया गया हैं, जो माँ की सेहत और आने वाले बच्चे के उचित विकास के लिए जरुरी पोषक तत्वों का एक पूर्ण मिश्रण उपलब्ध कराता हैं. इसे बनाने में उच्चतम सटीकता बरती गई है और यह भैंस, मवेशियों और अन्य पशुओं के लिए एक आदर्श खनिज मिश्रण हैं, जो स्वास्थ्य और समृद्धि में बढ़ोतरी करता है।




| | |
|---|---|
| **संस्थान का नाम** | पशुपालन प्रबंधन संस्थान (IAM) |
| **उत्पाद का नाम** | मिनरल मिक्सचर एक्स्ट्रा पावर |
| **उत्पाद का वर्ग** | पशु स्वास्थ्य |
| **उत्पाद कीजानकारी** | यह पशुओं के दूध उत्पादन को बढ़ाता हैं। |
| **खुराक** | 50 ग्राम सुबह – शाम पशु आहार के साथ |

# 6. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश :-

1. online application form में समस्त वांशित सूचनाएं अवश्य भरे। ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध इस विज्ञप्ति को ध्यानपूर्वक पढ़ ले तथा इसमें दिए गए निर्देशों को ध्यान में रखते हुए आवेदन करे।
2. आवेदन पत्र में भरे गए मोबाइल नंबर व ईमेल के आधार पर ही परीक्षा से संबन्धित आवश्यक सूचनाएं अभ्यर्थी को भेजी जाएगी। अतः आवेदन पत्र में भरी गयी गलत सूचनाओं के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
3. ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट http://www.pashupalanprabandhan.com/ पर जायें तथा apply online पर क्लिक करें।
4. ऑनलाइन फॉर्म में मांगी गई सभी जानकारी आवश्यक रूप से भरें।

5. आवेदन पत्र का ऑनलाइन भुगतान किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, UPI, वॉलेट और नेट बैंकिंग से किया जा सकता हैं। आवेदन शुल्क का भुगतान कर आवेदक कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें।
6. आवेदक को सलाह दी जाती हैं की वह आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क की रसीद का प्रिंट लेकर अपने पास सुरक्षित रखें।
7. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने की स्थिति में आवेदक आवेदन पत्र में अलग -अलग ईमेल आईडी भरे।
8. आवेदन-पत्र को संस्थान के कार्यालय में भिजवाने की आवश्यकता नहीं है।

   **नोट :- आवेदक को सलाह दी जाती हैं की ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर स्वयं का भरें।**

9. **<u>फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश</u>**

   **<u>फोटो अपलोड करने के दिशा निर्देश</u>**

   (a) आवेदक को नवीनतम रंगीन फोटो (अधिकतम 6 माह पुरानी )अपलोड करनी है। मोबाइल और अन्य स्वरचित फोटो का उपयोग नहीं करे।
   (b) फोटो की पृष्टभूमि (बैकग्राउंड ) सफ़ेद या हल्के रंग की होनी चाहिए।
   (c) फोटो में आवेदक का चेहरा एवं सिर किसी भी कपडे, छाया, बालों द्वारा ढका हुआ नहीं होना चाहिए। आवेदक का सिर, आंख, कान और ठोड़ी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।
   (d) यदि आप चश्मा पहनते है तो फोटो खिंचवाते समय चश्मा पहन सकते है लेकिन चश्मे पर चमक (flash) नहीं होनी चाहिए।
   (e) आवेदक की फोटो में काला या धूप का चश्मा नहीं होने चाहिए।
   (f) फोटो जेपीईजी (JPEG/ JPG) प्रारूप में होनी चाहिए। फाइल का साइज 50 Kb. से 100 Kb. तक होना चाहिए।

   **<u>हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश:-</u>**

   (a) आवेदक काले अथवा गहरे नीले रंग के पेन द्वारा हस्ताक्षर ही अपलोड करे।
   (b) हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किया जाना चाहिए, अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा हस्ताक्षर मान्य नहीं होगा।
   (c) फाइल का साइज 20 Kb. से 50 Kb. तक होना चाहिए।
   (d) हस्ताक्षर जेपीईजी (JPEG/ JPG) प्रारूप में होने चाहिए।

## 7. संस्थान के बारे में सामान्य जानकारी :-

I. पशुपालन प्रबंधन संस्थान राजस्थान सरकार द्वारा पंजीकृत राज्य स्तरीय गैर सरकारी संगठन (NGO) हैं। जो की पशुपालन क्षेत्र में पशुपालकों की आय में वृद्धि करने एवं पशुधन के लिए उचित मूल्यों पर उत्पादों

को उपलब्ध कराने के लिए कार्य करता हैं साथ ही पशुधन संबंधित योजनाओं का लाभ पशुपालकों तक पहुंचाने का कार्य करता हैं।

II. संस्थान के बारे में अधिक जानकारी के लिए संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट http://www.pashupalanprabandhan.com/ पर जाये, अन्य किसी माध्यम से प्राप्त की गयी जानकारी के लिए पशुपालन प्रबंधन संस्थान जिम्मेदार नहीं होगा।

III. संस्थान सम्पर्क सूत्र 9257019371,9257019372 (सोमवार से शनिवार, सुबह 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक)

## 8. परीक्षा का माह, दिनांक व स्थान:-

- संस्थान द्वारा परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से ली जाएगी। अभ्यर्थी यह परीक्षा कंप्यूटर सेंटर, लैपटॉप, साइबर कैफे के माध्यम से किसी भी स्थान से दे सकते हैं। इस परीक्षा के लिए संस्थान द्वारा कोई भी परीक्षा केंद्र व प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा।
- ऑनलाइन परीक्षा **(Online Exam)** की दिनांक संबंधी सूचना विज्ञापन की अंतिम तिथि से एक माह के बाद अभ्यर्थी की रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी पर भेजी जाएगी।

## 9. ऑनलाइन परीक्षा का तरीका :-

- ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को एक लिंक उनकी ई-मेल पर परीक्षा की दिनांक से 2 दिन पहले भेजा जायेगा।
- परीक्षा के आरम्भ होने से 30 मिनट पहले लिंक सक्रिय (Activate) होगा। लिंक के Activate होने पर लिंक पर क्लिक कर के अभ्यर्थी को सभी औपचारिकता पूरी करनी होगी।
- लिंक पर क्लिक करने के बाद परीक्षा आरंभ करने के लिए आवेदक को एप्लीकेशन नंबर और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर डालना होगा।

  **नोट :- एप्लीकेशन नंबर और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर अभ्यर्थी को उसके रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर परीक्षा की लिंक के साथ भेज दिया जायेगा।**
- अभ्यर्थियों को निर्देश दिये जाते है कि एप्लीकेशन नंबर और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर डालने के पश्चात परीक्षा देने से पूर्व स्क्रीन पर आ रहे दिशा-निर्देशो को ध्यान से पढ़े।
- अभ्यर्थी को परीक्षा देने से पूर्व हिन्दी व अंग्रेजी में से किसी एक भाषा का चुनाव करना होगा।

  **टिप्पणीः- परीक्षा के दौरान यदि अभ्यर्थी का कम्प्यूटर या लैपटॉप किसी तकनीकी कमी या Power failure से बन्द हो जाता है तो संस्थान उसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा। अतः अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि परीक्षा आरम्भ होने से पूर्व अपने कम्प्यूटर अथवा लैपटॉप की जांच कर ले और पॉवर बैकअप ले लेवे।**
- परीक्षा का परिणाम अभ्यर्थी परीक्षा के समाप्त होने के बाद कम्प्यूटर/लैपटॉप की स्क्रीन पर देख सकते है।

- ऑनलाइन परीक्षा के लिए निम्न तकनीकी का कंप्यूटर में होना आवश्यक होगा :-
    - Desktop - Windows 2007 & Above
    - Browser - Google Chrome
    - Internet - 4G Speed
    - Complete Network/Signle

## 10. परीक्षा का परिणाम :-

- अभ्यर्थी द्वारा दी गयी परीक्षा का परिणाम परीक्षा के सबमिट होने के बाद कंप्यूटर/लैपटॉप की स्क्रीन पर आ जायेगा।
- अभ्यर्थी द्वारा परिणाम का प्रिंट लिया जा सकेगा।
- किसी कारणवश अभ्यर्थी के द्वारा कंप्यूटर/लैपटॉप की स्क्रीन पर परीक्षा का परिणाम नहीं देख पाने की स्थिति में अभ्यर्थी अपने रजिस्टर्ड ईमेल पर परिणाम देख सकता है।

  **नोट :- परीक्षा की समाप्ति पर 24 घंटे के अंतराल में अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर परीक्षा का परिणाम भेज दिया जायेगा।**

## 11. चयन का आधार:-

I. सर्वप्रथम अंतिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों की जाँच की जायेगी।

II. ऑनलाइन परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियो को ईमेल के द्वारा कार्य के सम्बन्ध में अनुबंध पत्र भेजा जायेगा, जिसे अभ्यर्थी द्वारा 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटेरी करवाकर डाक के माध्यम से संस्थान के पते पर भेजना होगा।

   **विशेष :-संस्थान द्वारा कार्य के सम्बन्ध में अनुबंध पत्र भेजे जाने संबन्धित ईमेल में दिए गए सभी निर्देशों को अभ्यर्थी द्वारा अच्छी तरह पढ़ एवं समझ कर कार्य के सम्बन्ध में अनुबंध पत्र को 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटेरी करवाकर संस्थान कार्यालय में अंतिम तिथि तक भेजना आवश्यक है यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा गलत व अपूर्ण अनुबंध पत्र भेजा जायेगा तो, गलत व अपूर्ण अनुबंध पत्र को संस्थान द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा व साक्षात्कार की सूचना नहीं भेजी जायेगी।**

III. जिन अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान कार्य के सम्बन्ध में अनुबंध पत्र 100 रूपये के स्टाम्प पर करवाकर कार्यालय में भेजा जायेगा केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए ईमेल के माध्यम से बुलावा भेजा जायेगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को पद के अनुसार मूल शैक्षणिक दस्तावेज, पहचान पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र व इन सभी की स्व हस्ताक्षरित छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी।

IV. साक्षात्कार में सफल रहने वाले अभ्यर्थियों को कार्यशैली, रिपोर्टिंग व अन्य आवश्यक जानकारी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसकी सूचना संस्थान द्वारा अभ्यर्थी की रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर दी जायेगी। यह प्रशिक्षण जयपुर में होगा जिसके लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। प्रशिक्षण में होने वाला शेष व्यय संस्थान द्वारा वहन किया जाएगा।

## 11. कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा का सिलेबस, स्कीम व पैटर्न:-

<table>
<tr><td colspan="6">परीक्षा की स्कीम<br>(Scheme of Examanation)</td></tr>
<tr><td colspan="6">आहार नियंत्रण अधिकारी (Diet Control Officer), आहार नियंत्रण सहायक (Diet Control Assistant)</td></tr>
<tr><td></td><td>भाग</td><td colspan="4">विवरण</td></tr>
<tr><td>1</td><td>भाग-1<br>ऑनलाइन परीक्षा<br>(60 अंक)</td><td colspan="4">ऑनलाइन परीक्षा में एक अंक के 60 बहु विकल्पीय प्रश्न होंगे।</td></tr>
<tr><td rowspan="7"></td><td rowspan="7"></td><td>विषय</td><td>अधिकतम अंक</td><td>न्यूनतम अंक</td><td>समय-सीमा</td></tr>
<tr><td>पशुपालन</td><td rowspan="6">60</td><td rowspan="6">36</td><td rowspan="6">40 मिनट</td></tr>
<tr><td>हिन्दी</td></tr>
<tr><td>गणित</td></tr>
<tr><td>तार्किक क्षमता</td></tr>
<tr><td>समसामयिक घटनाएँ</td></tr>
<tr><td>कंप्यूटर के मूल सिद्धांत</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td colspan="4"><u>ऑनलाइन परीक्षा के आयोजन की विधि</u><br>• भाग 1 में क्रमशः 60 बहु विकल्पीय प्रश्न होंगे, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक होगा<br>• प्रत्येक सही उत्तर के लिए एकअंक दिया जायेगा। गलत उत्तर पर कोई Negative Marking नहीं होगी। अतः अभ्यर्थी सभी प्रश्नों का उत्तर अनिवार्य रूप से दें।<br>• परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए अभ्यर्थी को 60% अंक लाना अनिवार्य होगा।<br>• परीक्षा में Qualifying / Passing Marks में किसी भी प्रकार से कोई भी छूट व आरक्षण नहीं हैं।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>भाग-2<br>साक्षात्कार (40 अंक )<br>(प्रपत्र+ साक्षात्कार)</td><td colspan="4">साक्षात्कार परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम 24 अंक लाना आवश्यक हैं।</td></tr>
</table>

## परीक्षा का पाठ्यक्रम (Syllabus):-

| क्रम सं. | विषय | पाठ्यक्रम | अधिकतम अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | पशुपालन | • पशुपालन से संबंधित सामान्य जानकारी<br>• सामान्य खनिज और पोषण संबंधी समस्याएँ<br>• खनिज मिश्रण और उसके लाभ<br>• चारे के प्रकार और उनके उपयोग | 10 |
| 2. | हिन्दी | • पर्यायवाची शब्द<br>• समास, समास के भेद, विग्रह और सामासिक पदो की रचना<br>• मुहावरे<br>• शब्द शुद्धि<br>• वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द | 10 |
| 3. | गणित | • प्रतिशत<br>• लाभ-हानि<br>• औसत<br>• सरलीकरण<br>• अनुपात | 10 |
| 4. | तार्किक क्षमता | • Coding & Decoding<br>• Number Series<br>• Blood relations<br>• Direction sense test<br>• Analogy | 10 |
| 5. | समसामयिक घटनाएँ | • राष्ट्रीय<br>• राज्य स्तरीय | 10 |
| 6. | कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत | • इनपुट और आउटपुट डिवाइस<br>• MS-Office<br>• कम्प्यूटर संक्षिप्तीकरण (Computer abbreviations)<br>• कम्प्यूटर का इतिहास | 10 |

**IAM official website link- http://www.pashupalanprabandhan.com**
**Link for apply online-http://www.pashupalanprabandhan.com**

* * *

पशुपालन प्रबंधन संस्थान IAM

**प्रबंधक**